AGLASEM.COM

कक्षा १० नागरिकशास्त्र नोट्स

लोकतंत्र और विविधता



Key Notes and Important Questions with Answers

राजनीति विज्ञान कक्षा 10वीं

अध्याय - 3

''लोकतंत्र और विविधता''

स्मरणीय बातें :-

1. समरूप समाज - एक ऐसा समाज जिसमें सामुदायिक, सांस्कृतिक या जातीय विभिन्नताएँ ज्यादा गहरी नहीं होती।
2. एफ्रो-अमेरिकी - उन अफ्रीकी लोगों की संतान जिन्हें 17वीं सदी में अमेरिका में लाकर गुलाम बनाया गया था।
3. नस्लभेद - किसी देश अथवा समाज में नस्ल के आधार पर कुछ लोगों को नीच या हीन समझना।
4. रंगभेद - रंग के आधार पर भेदभाव करना।
5. दलित - भारत के निर्धन, भूमिहीन और सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोग।
6. अश्वेत शक्ति आंदोलन - नस्ल आधारित भेदभाव के उन्मूलन के लिए अमेरिका में 1966 से 1975 के बीच चलाया गया हिंसक आंदोलन।
7. प्रवासी - अस्थाई तौर पर आर्थिक अवसरों के लिए दूसरे देशों या नगरों में जाकर बसने वाले लोग।
8. विभाजित समाज - एक ऐसा समाज जिसमें सामुदायिक, सांस्कृतिक या जातीय विभिन्नताएँ बहुत गहरी होती हैं।
9. बहुल समाज - विभिन्न विचारों एवं पंथो वाला समाज।
10. अपवर्जक भेदभाव - समाज के किसी वर्ग या जाति से दूरी बनाए रखना या अपने समूह से निष्कासित करना।

11. अलगाववाद – एक क्षेत्र या जन-समूह का अपने बड़े समूह या देश से अलग होकर स्वतंत्र अस्तित्व बनाने की इच्छा।

1 अंक वाले प्रश्न :–

1. 1968 ई. में ओलंपिक खेल का आयोजन कहाँ हुआ था ?
2. टॉमी स्मिथ और जॉन कार्लोस कौन थे ? उन्होंने किस खेल में पदक जीते थे ?
3. अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ?
4. अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन किसके नेतृत्व में चलाए गए थे ?
5. मैक्सिको ओलंपिक में टॉमी स्मिथ द्वारा पहना गया काला मफलर जैसा परिधान किस बात का प्रतीक था ?
6. वह कौन सा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी था जिसने टॉमी स्मिथ और जॉन कार्लोस के समर्थन में विरोध जताया था ?
7. यूगोस्लाविया के विभाजन का मुख्य आधार क्या था ?
8. श्रीलंका में किस तरह के सामाजिक विभेद हैं ?
9. समरूप समाज का अस्तित्व किस देश में है ?
10. आयरलैण्ड में किस-किस धर्म के अनुयायी रहते हैं ?
11. स्मिथ और कार्लोस का ओलंपिक पदक वापस क्यों ले लिया गया था ?
12. हाल में ही किस यूनिवर्सिटी ने अपने कैम्पस में स्मिथ, कार्लोस और नार्मन की मूर्तियाँ लगवाई हैं ?
13. किस देश में धर्म और वर्ग में गहरी समानता है ?
14. उत्तरी आयरलैंड की आबादी में प्रोटेस्टेंट और कैथोलिकों का प्रतिशत कितना है ?

3/5 अंक वाले प्रश्न :-

1. सामाजिक भेदभाव की उत्पत्ति के दो प्रमुख कारण बताइए ?
2. भारत में भिन्नताओं को दर्शाने वाले प्रमुख तत्वों का उल्लेख कीजिए।
3. सामाजिक विभाजनों की राजनीति के परिणाम तय करने वाले तीन कारकों को लिखिए ?
4. लोकतंत्र से आप क्या समझते हैं। यह कितने प्रकार का होता है ? संक्षेप में बताइए।,
5. ''सामाजिक विभाजन हमेशा खतरनाक नहीं होते हैं।'' अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।
6. टॉमी स्मिथ और जॉन कार्लोस ने 1968 के मैक्सिको ओलंपिक खेल में, संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले रंगभेद के मसले के प्रति अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी का ध्यान किस प्रकार आकर्षित किया ?
7. सामाजिक अंतर कब और कैसे सामाजिक विभाजनों का रूप ले लेते हैं ?
8. विभिन्नताओं में सामंजस्य व टकराव में अंतर स्पष्ट करें।
9. अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन के विकास का वर्णन कीजिए ?
10. लोकतंत्र में, सामाजिक विभाजनों की प्रत्येक राजनीतिक अभिव्यक्ति अनर्थकारी नहीं होती।'' इस कथन की सत्यता को स्थापित कीजिए ?

1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. मैक्सिको
2. एफ्रो-अमरीकी, 200 मीटर के दौड़ में
3. नस्ल आधारित भेदभाव की समाप्ति।
4. मार्टिन लूथर किंग जूनियर।
5. अश्वेत शक्ति का।
6. पीटर नार्मन।

7. धार्मिक और जातीय विभाजन।

8. भाषाई एवं धार्मिक।

9. जर्मनी और स्वीडन।

10. कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट।

11. राजनीतिक बयान देने के कारण जो ओलंपिक भावना के विरूद्ध था।

12. सैन होज़ स्टेट यूनिवर्सिटी।

13. उत्तरी आयरलैंड।

14. 53 प्रतिशत एवं 44 प्रतिशत

3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. 1) जन्म पर आधारित - हम सिर्फ इस आधार पर उस समुदाय के सदस्य हो जाते हैं जिसमें हमारा जन्म हुआ है।

   2) पसंद या चुनाव पर आधारित - जैसे-धर्म, व्यवसाय खेल इत्यादि का चुनाव हम अपनी पसंद से करते हैं।

   3) सोचने के अलग-अलग ढ़ंग।

2. 1) जातीय भिन्नता - आर्य, अनार्य, मंगोल, मुगल, पारसी आदि।

   2) भाषाओं की भिन्नता - 22 अनुसूचित भाषाएँ और 1500 अन्य भाषाएँ भारत में बोली जाती हैं ?

   3) धर्म की भिन्नता - हिन्दू धर्म, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, इस्लाम आदि।

3. 1) लोगों में अपनी पहचान के प्रति आग्रह की भावना।

   2) राजनीतिक दलों का संविधान के दायरे में रहकर कार्य करना।

3) सरकार विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रति कैसा रूख अपनाती है।

4) लोकतंत्र शासन की एक ऐसी पद्धति है, जिसमें जनता अपने चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा शासन करती है।

लोकतंत्र के प्रकार :-

1) प्रत्यक्ष लोकतंत्र - जिसमें जनता स्वयं शासन में भागीदार होती है। जैसे- स्विटजरलैंड के कुछ कैन्टन।

2) अप्रत्यक्ष लोकतंत्र - इसमें जनता अपने चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा शासन चलाती है। जैसे - भारत।

5. 1) उत्तरी आयरलैंड और नीदरलैंड दोनों ईसाई बहुल देश हैं तथा प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक खेमें में बंटे हैं।

2) उत्तरी आयरलैंड में धर्म और वर्ग के बीच गहरी समानता है। वहाँ का कैथोलिक समुदाय गरीब है तथा लंबे समय से भेदभाव के शिकार हैं।

3) नीदरलैंड में कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट दोनों ही समान रूप से अमीर और गरीब हैं। इसलिए वहाँ कोई भेदभाव नहीं है।

4) आयरलैंड में कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच भारी मारकाट चलती है।

6. 1) बिना जूतों के केवल मोजे पहनकर अश्वेतों की गरीबी को दर्शाया।

2) स्मिथ ने अश्वेत लोगों के आत्मगौरव को बताने के लिए अपने गले में काला मफलर पहना था।

3) कार्लोस ने मारे गए अश्वेतों की याद में काले मनकों की एक माला पहनी थी।

4) काले दसताने और बंधी हुई मुट्ठियों के द्वारा अश्वेत शक्ति को दर्शाया।

7. 1) जब कुछ सामाजिक अंतर दूसरी अनेक विभिन्नताओं से ऊपर और बड़े हो जाते हैं।

2) अमेरिका में श्वेत और अश्वेत के बीच भारी अंतर है जो सामाजिक विभाजन का मुख्य कारण है।

3) जब एक तरह का सामाजिक अंतर अन्य अंतरों से ज्यादा महत्वपूर्ण बन जाता है।

8. सामंजस्य :-

1) इसके अंतर्गत सामाजिक विभिन्नताओं में एकता दिखाई देती है।

2) इसमें लोग यह महसूस करने लगते हैं कि वे विभिन्न समुदायों से संबंध रखते हैं।

3) इससे गहरी सामाजिक विभाजन की संभावना घट जाती है।

4) जैसे- अमेरिका में श्वेत और अश्वेत का अंतर।

टकराव :-

1) इसके अंतर्गत सामाजिक विभिन्नताओं से टकराव उत्पन्न होता है।

2) इसमें कई समूह एक मुद्दे पर समान नजरिया रखते हैं तो दूसरे मुद्दे पर उनके नजरियों में अंतर हो जाता है।

© ORIENT BLACKSWAN

3) इसमें सामाजिक विभाजन की संभावना बढ़ जाती है।

4) जैसे- नीदरलैंड में वर्ग और धर्म के बीच ऐसा मेल नहीं दिखाई देता है।

9. 1) द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में नस्लीय भेदभाव बढ़ गया।

2) अश्वेत लोगों पर अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगा दिए गए थे।

3) 1980 के दशक में अमेरिका में लगभग 33 प्रतिशत काले लोग, 20 प्रतिशत हिस्पानी और 12 प्रतिशत श्वेत गरीब एवं बेघर थे।

4) 1950 के दशक में नागरिक अधिकारों के लिए शक्तिशाली आंदोलन हुए।

5) 1954 में वहाँ के सर्वोच्च न्यायालय ने 'अलग परंतु समान' के सिद्धांत को अस्वीकार कर दिया।

6) नस्लीय भेदभाव के विरूद्ध मार्टिन लूथर किंग जूनियर के नेतृत्व में आंदोलन चलाया गया।

7) 1960 के दशक में कानून बनाकर इस भेदभाव को खत्म किया गया।

10. 1) राजनीति और सामाजिक विभाजनों का मेल खतरनाक और विस्फोटक लगता है। किसी ना किसी तरह का विभाजन राजनीतिक शक्ल अख्तियार कर लेता है।

2) सामाजिक विभाजन जब राजनीतिक विभाजन में बदलता है तो देश विखंडन की तरफ जाता है।

3) उत्तरी आयरलैंड लंबे समय से जातीय हिंसा और राजनीतिक टकराव की गिरफ्त में रहा। लेकिन राजनीति में सामाजिक विभाजन की हर अभिव्यक्ति फूट पैदा नहीं करती।

4) लोकतंत्र में राजनीतिक दल सामाजिक विभाजनों की बात कर समुदायों को उचित प्रतिनिधित्व देते हैं। नीतियाँ बनाना भी इसी कड़ी का हिस्सा है।

5) कई बार राजनीतिक दल एक ही समुदाय के हित में कार्य करती हैं पर देश में विखंडन नहीं होता है।